माता पिता और देखभालकर्ताओं के लिए हिन्दी में नोट्स

WORKaBOOK®

Workabooks क्या हैं?
Workabooks में वे सब चीज़ें मौजूद हैं जिनकी आपके बच्चे को प्राइमरी स्कूल में, एक विषय में, एक स्कूली वर्ष के लिए, होमवर्क के लिए ज़रूरत है।

Workabook में दिया गया होमवर्क कक्षा में कराए गए कार्य का विस्तार होता है और यह राष्ट्रीय पाठ्यक्रम पर आधारित होता है। Workabook में दिया गया होमवर्क तीन अलग-अलग प्रकार की होमवर्क गतिविधि पर आधारित होता है: सीखना, अभ्यास करना, सोचना।

सीखने की सामग्री
इनमें वे चीज़ें शामिल हैं जिन्हें आपके बच्चे को इस वर्ष सीखना चाहिए। कुछ चीज़ें, जैसे पहाड़े तथा शब्द सूची, मुंह-ज़बानी याद करने होते हैं। ये नीले (गणित) तथा नारंगी (इंग्लिश) रंग के किनारे वाले पृष्ठों पर हैं।

याद करने वाले कार्यों के लिए दोहराना बहुत ज़रूरी होता है और आप पहाड़ों आदि की जांच, यदि आप चाहें, स्कूल जाते अथवा वहां से आते समय कर सकते हैं।

अभ्यास की सामग्री
अभ्यास की सामग्री सीखी गई चीज़ों को पक्का करने की दृष्टि से बनाई गई है। यह आपको नारंगी (गणित) तथा बैंगनी (इंग्लिश) रंग के किनारे वाले पृष्ठों पर मिलेगी। इन्हें तीन विभिन्न स्तरों में बांटा गया है:

- स्तर A: एक अच्छा बुनियादी स्तर प्राप्त करना;
- स्तर B: राष्ट्रीय अपेक्षाओं को पूरा करना पक्का करना;
- स्तर C: कुछ चुनौती देना।

इस लचीलेपन के कारण सभी बच्चे प्रगति कर सकते हैं तथा कुछ प्राप्त कर सकते हैं। स्तर का चयन आम तौर पर अध्यापक द्वारा किया जाएगा, किंतु यदि आपका बच्चा अगले ऊंचे स्तर पर भी कोशिश करना चाहता है तो उसे ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करें।

सोचने के कार्य
सोचने (और लिखने) के कार्य दिखाते हैं कि गणित और इंग्लिश को कैसे हमारे दैनिक जीवन में इस्तेमाल और लागू किया जा सकता है। ये हरे (गणित) तथा लाल (इंग्लिश) रंग के किनारे वाले पृष्ठों पर हैं। इन कार्यों को करने के लिए सीखने तथा अभ्यास के कार्यों में प्राप्त की गई निपुणता का प्रयोग करना होता है।

Workabooks में निम्न चीज़ें भी शामिल हैं:

- एक ***लघु शब्दकोश*** जिसमें उस वर्ष के लिए आवश्यक शब्द हैं। इनकी सहायता से बच्चे वर्ष के दौरान अपनी खुद की परिभाषाएं तैयार कर सकते हैं;
- ***सलेटी पृष्ठ*** जिन्हें टिप्पणी लिखने या अन्य विशेष कार्य के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है;
- एक ***उपलब्धि*** पृष्ठ जो बच्चों को अपनी Workabook पूरी करने के लिए प्रोत्साहित करता है;
- इंग्लिश के लिए, एक ***पठन रिकार्ड*** पृष्ठ जो मनोरंजन के लिए पढ़ना प्रोत्साहित करता है;
- गणित के लिए, ***संदर्भ*** में अतिरिक्त जानकारी और सहायक दस्तावेज़ शामिल हैं।

शुरूआत करना
होमवर्क लगभग हर हफ़्ते सैट किया जाएगा। कक्षा में आपका बच्चा Workabook में वे सब काम नोट कर लेगा जो उसे पूरे करने के लिए कहा गया है। जब आपका बच्चा होमवर्क शुरु करे तो जांच कर लें कि उसे यह मालूम है कि उसे करना क्या है। उन्हें आपकी सहायता के बिना काम करने की कोशिश करनी चाहिए, किंतु ज़रूरत पड़ने पर आप उन्हें सहारे तथा सहायता की पेशकश कर सकते हैं।

सुनिश्चित कीजिए कि बच्चे के पास सहारा लेने के लिए कोई साधन हो तथा उसे पेंसिल से काम करने को कहें ताकि गलतियां आसानी से सुधारी जा सकें।

अधिकतर कार्य एक ही बैठक में पूरे किए जा सकते हैं हालांकि सोचने वाले कुछ कार्यों, जैसे, इस बात का रिकार्ड रखना कि स्कूल पहुंचने में कितना समय लगता है, में कई दिन काम करना पड़ सकता है।

होमवर्क के लिए सही वातावरण तैयार करना बच्चे की सहायता का महत्त्वपूर्ण भाग है। इसमें शामिल हैं:

नित्यकर्म
नित्यकर्म महत्त्वपूर्ण है इसलिए कोई ऐसा नियमत समय ढूंढने की कोशिश करें जब आपका बच्चा अधिक थका हुआ न हो, जैसे वीकेंड की सुबह। यह समय ऐसा होना चाहिए जब आप आसपास हों तथा ज़रूरत पड़ने पर सहायता कर सकें।

ध्यान भंग करने वाली चीज़ें
अपने बच्चे के होमवर्क के लिए ऐसा स्थान ढूंढने का प्रयत्न कीजिए जो काफी शांत हो। यहां पर रोशनी काफी होनी चाहिए तथा यह जगह साफ और व्यवस्थित होनी चाहिए। घर के दूसरे लोगों को प्रोत्साहित करें कि वे उस समय बच्चे का ध्यान भंग न करें जब वह काम कर रहा हो।

© PSHB कंपनी लिमिटेड 2005, 2014

मूल आवश्यकताएं

जब आपका बच्चा होमवर्क करने लगे तो सुनिश्चित कीजिए कि वह थका हुआ, भूखा,प्यासा या चिड़चिड़ा न हो तथा उसे ठंड आदि न लग रही हो। इन सभी चीजों से ध्यान केंद्रित करने तथा सीखने/याद करने में कठिनाई होती है।

जब आपका बच्चा काम कर ले, तो यह दिखाने के लिए कि काम समाप्त हो गया है आप उस पर हस्ताक्षर कर दें। हस्ताक्षर माता/पिता/संरक्षक की टिप्पणी वाले बॉक्स में करें तथा इनमें से एक बॉक्स में सही का निशान लगाए:

- ***सहायता लेकर*** यदि आपके बच्चे को होमवर्क करने के लिए मदद की ज़रूरत पड़ी हो;
- ***अकेले*** यदि आपके बच्चे ने अकेले काम किया हो;
- ***आत्मविश्वास के साथ*** यदि आपके बच्चे ने अकेले तथा आत्मविश्वास के साथ काम किया हो।

इसमें ऐसी जगह भी है जहां पर आप टीचर के लिए टिप्पणी लिख सकते हैं – जैसे किसी कठिनाई अथवा विशेष उपलब्धि के बारे में बतलाने के लिए। अंत में, यह सुनिश्चित करें कि यह पुस्तक सही दिन स्कूल वापिस जाए।

आप सहायता कैसे कर सकते हैं – प्रशंसा तथा प्रोत्साहन

माता/पिता/संरक्षक होने के नाते आप में अपने बच्चे का आत्मविश्वास बढ़ाने की अपार शक्ति है – और सीखने के लिए आत्मविश्वास बहुत ज़रूरी है।

दिए गए होमवर्क को करने के लिए बच्चे को प्रोत्साहित करके, तथा जब वह काम कर रहा हो उसे सहारा देकर, आप बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। यह ज़रूरी नहीं है कि आपको सभी प्रश्नों के उत्तर पता हों – इससे अधिक ज़रूरी यह दिखाना है कि आप उसके काम में दिलचस्पी ले रहे हैं।

यदि आपके बच्चा होमवर्क के बारे निश्चित नहीं है तो आप उसके साथ मिलकर सभी प्रश्न पढ़िए तथा संकेत देने वाले प्रश्न पूछिए, जैसे:

- ***क्या आप मुझे बता सकते हैं कि आप क्या कर रहे हैं?***
- ***आप यह कैसे करोगे?***
- ***आपको कैसे मालूम कि करना क्या है?***
- ***आपको क्या पता करना है?***

जब आप बच्चे के साथ होमवर्क के बारे में इस तरह बात करेंगे तो बच्चा 'टीचर' की भूमिका धारण कर सकता है और समझा सकता है कि उससे क्या आशा की जाती है। ऐसा करना ही सीखने की प्रक्रिया का महत्त्वपूर्ण भाग हो सकता है।

सहायता तथा प्रशंसा करने एवं प्रोत्साहन देने में कभी कंजूसी न करें! प्रशंसा किसी कार्य विशेष के लिए करें तथा उस कार्य के किसी विशेष पक्ष पर केंद्रित करें, जैसे: 'मुझे अच्छा लगा जिस तरह तुमने...'; और अपने बच्चे को अपने काम में गर्व महसूस करने के लिए सदा प्रेरित करें।

और यदि आपके पास समय न हो, तो होमवर्क में सहायता किसी भी विश्वसनीय व्यक्ति द्वारा दी जा सकती है – यह भाई, बहन, नाना/नानी/दादा/दादी अथवा पड़ोसी हो सकता है; और यह भी ज़रूरी नहीं कि हर बार वही व्यक्ति सहायता करे।

शिक्षा घर तथा स्कूल की साझी जिम्मेदारी होनी चाहिए और होमवर्क बच्चे के जीवन के इन दोनों क्षेत्रों को जोड़ने वाला सेतु बन सकता है। स्कूल के साथ इकट्ठे मिलकर काम करने से आप बच्चे के जीवन में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं!

अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएं: www.workabook.co.uk

अनुवाद और टाइपसेटिंग: worldaccent.com

© PSHB कंपनी लिमिटेड 2005, 2014